नून हवाई पट्टी पर नागरिक सुरक्षा की तैयारी परखी

जालोर, (कासं)। गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार ऑपरेशन 'अभ्यास' के तहत नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के संबंध में बुधवार को नून हवाई पट्टी पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया जिसके तहत हवाई हमले की आपातकालीन स्थिति में राहत, बचाव एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा गया।

मॉक ड्रिल में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशन व इंसीडेन्ट कमाण्डर जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ, अग्निशमन, एनसीसी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम सहित नागरिक सुरक्षा सेवाओं की रेस्पोंस टाइम के क्रियान्वयन का आंकलन तथा आपातकालीन निकासी योजनाओं की तैयारी और उनके कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया गया। वही भारत सरकार के निर्देशों की पालना में आयोजित मॉक ड्रिल के तहत बुधवार को अपरान्ह 4 बजे कंट्रोल रूम से नून हवाई पट्टी पर हवाई हमले की सूचना प्रसारित की गई तथा सायरन बजाकर नागरिकों को सतर्क किया गया।

सूचना मिलने पर तुरन्त जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन, एंबुलेंस, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ दल पहुँचे तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए दलों द्वारा घायलों को तुरन्त रेस्क्यू कर उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सालय ले जाया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (अति. प्रभार) नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, उप पुलिस अधीक्षक गौतम जैन, उप वन संरक्षक जयदेवसिंह चारण, पीएचईडी के अधीक्षण संजय शर्मा, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र प्रजापति, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, जिला परिवहन अधिकारी जालोर ओमप्रकाश चौधरी, सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक कपिल लुणा, सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक धनसिंह राजपुरोहित, रिजर्व लाईन पुलिस इंस्पेक्टर लीलसिंह सहित विभागीय अधिकारी, पुलिस, सिविल डिफेंस के कार्मिक उपस्थित रहे।

ऑपरेशन 'अभ्यास' के तहत नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए बुधवार को रात्रि 9.30 बजे से 9.45 तक ब्लैक आउट की मॉक ड्रिल की जायेगी जिसकी सूचना सायरन व हूटर बजाकर दी जायेगी। सायरन बजने की आवाज होने पर सभी नागरिक यथास्थिति में अपने घरों, दुकानों, होटलों, भवनों, वाहनों, कार्यालय या किसी भी परिसर की सभी लाईटें स्वेच्छा से बंद करें। घर की खिड़कियों और दरवाजों पर काले पर्दे या कवर लगाएं ताकि रोशनी बाहर न जाए। अफवाहों से बचें तथा सटीक जानकारी सुनें व प्रसारित करें। ड्रिल के समय निर्धारित समय पर बिजली के सभी उपकरण बंद करें।

मॉक ड्रिल के समय शांत रहे व अफवाहों से बचें। ब्लैकआउट के दौरान टॉर्च या बैटरी से चलने वाले उपकरण साथ रखें।

गांव व मोहल्लों में चौकसी रखें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को दें। ड्रिल के दौरान मोबाइल की फ्लैश लाइट व वाहन की हेडलाइट का अनावश्यक प्रयोग न करें। भीड़ इकट्ठी न करें और अनुशासन बनाए रखें। किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, तेज आवाज वाले उपकरणों या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न करें।

अटल जन सेवा शिविर लगेगा

सिरोही, (निसं)। जिले में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में त्रिस्तरीय जन सुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सहायक निदेशक लोक सेवाएं हरिसिंह देवल ने बताया कि मई माह के द्वितीय गुरूवार 8 मई को उपखंड स्तरीय प्रातः 10 बजे से तथा तृतीय गुरूवार 15 मई को जिला स्तर पर (सूचना प्रौद्योगिकी संचार विभाग कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 11 बजे) आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में शिविर लगेंगे।

रात्रि चौपालें होगी

सिरोही, (निसं)। मई माह में ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर रात्रि चौपालें होंगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला ने बताया कि रात्रि चैपाल 12 मई को रेवदर तहसील के उडवरारिया में, 16 मई को आबूरोड तहसील के ओरिया में, 23 मई को सिरोही के मडिया में, एवं 28 मई को पिंडवाडा तहसील के पंचदेवल में होगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को, 2541 प्रकरण चिन्हित

जालोर, (कासं)। राज्य प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिले में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। जिले के न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता मंच आदि में अब तक लंबित प्रकरणों में विभिन्न प्रकृति के 2541 प्रकरण चिन्हित किए जा चुके है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बताया कि राजीनामा योग्य प्रकरणों के निस्तारण के लिए सिविल, आपराधिक, राजस्व, उपभोक्ता मामलों के प्रकरणों एवं प्री लिटिगेशन के प्रकरणों के निस्तारण के लिए आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने बताया कि लोक अदालत को लेकर विभिन्न न्यायालयों की ओर से प्रकरण चिन्हित किए जा रहे है, पक्षकारों को नोटिसेज जारी किए जा रहे है, उन्होंने पक्षकारों से आ ान किया है कि जब भी नोटिस प्राप्त हो तो संबंधित न्यायालय में आवश्यक रूप से उपस्थित रहें एवं अपने प्रकरणों को राजीनामा की भावना से निस्तारित करवाए। सचिव ने बताया कि लोक अदालत में सस्ता, सुलभ व शीघ्र न्याय प्राप्त होता है। इसमें दोनों पक्षकारों की सहमति से प्रकरणों का निस्तारण होता है इसलिए प्रकरणों का अंतिम रूप से निस्तारण होता है। उन्होंने आमजन से न्यायालयों में चल रहे राजीनामा योग्य प्रकरणों में राजीनामा कर प्रकरणों का निस्तारण करवाने की अपील की है।

राज्य प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में बुधवार को श्रमिक अधिकार जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान मुख्य प्रतिरक्षा काउसिंल अहरूद्दीन ने मजूदरों को कार्य स्थल पर होने वाली प्रताडना के संबध में जानकारी देते हुए प्रताडना होने पर आगे आकर शिकायत करने का आ ान किया। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 की विस्तार से जानकारी दी। सहायक प्रतिरक्षा काउंसिल आमना तब्बसुम ने पोस अधिनियम 2013 के बारे में विस्तार से बताया। सहायक प्रतिरक्षा काउंसिल खुशवंतसिंह ने संविधान द्वारा प्रदत्त मजदूरों एवं महिलाओं के मूल अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान नरेगा मेट लक्ष्मी सहित कई नरेगा मजदूर मौजूद रहे।

सार-समाचार

अंडर -17 ग्रीको रोमन कुश्ती 11 से

जालोर, (कासं)। जालोर जिला कुश्ती संघ जालोर के तत्वावधान में जिला स्तरीय जूनियर कुश्ती अंडर 17 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं के पहलवानों की जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 11 मई को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुरा में सुबह आठ से नौ बजे तक पहलवानों का वजन किया जाएगा। उसके बाद ड्रॉ के आधार पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जालोर जिला कुश्ती संघ के सचिव हरिराम विश्नोई ने जानकारी देकर बताया की कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिले के पहलवानों को दो पासपोर्ट साइज के फोटो आधारकार्ड जन्म प्रमाण पत्र आर एस डब्ल्यू ए लाइसेंस बुक की मूल एवं फोटो प्रति साथ लानी होगी।वर्ष 2008 में जन्मे सभी पहलवान कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र हैं, जबकि 2010 में जन्मे पहलवान चिकित्सा प्रमाण पत्र और माता पिता की अनुमति के साथ भग ले सकते हैं। जालोर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष भैराराम गोदारा ने बताया की जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जालोर जिला ओलिंपिक संघ के महासचिव लाल सिंह सांखला एवं अध्यक्षता अजमत अली कमालपुरा तथा विशिष्ठ अतिथि लाधु राम भादू प्राचार्य कमालपुरा के आतिथ्य में आयोजित होगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए संयोजक जालोर जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष कालूराम विश्नोई वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक बडगांव रहेंग। वे ही अपने स्तर पर निर्णायक मंडल नियुक्त करेंगे विजेता पहलवान 16 से 18 मई तक राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता जो की बारां में आयोजित होगी । उसमे जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। पहलवानों का वजन फ्री स्टाइल (पुरुष) वर्ग में 45, 48, 51, 55, 60, 65, 71, 80, 92 और 110 किलोग्राम ग्रीको रोमन में 45, 48, 51, 55, 60, 65, 71, 80, 92 और 110 किलोग्राम फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन में (महिला) वर्ग में 40,43,46,49,53,57 61,65,69,और 73 किलोग्राम में कुश्ती के मुकाबले आयोजित होंगे।

अफवाहों पर ध्यान नहीं दें : सुखाराम

गुड़ामालानी, (निसं)। केन्द्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के बाद बुधवार को ब्लैक आउट को लेकर पुलिस थाना परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन ने बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार गिरीराज शर्मा पुलिस उपाधीक्षक सुखाराम विश्नोई, राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड, राणा कुलदीप सिंह राठौड प्रधान बिजलाराम चौहान, सीआई देवीचंद ढाका नरेंद्र सिंह भाखरपुरा उपस्थित रहे। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक के तनाव के बीच पश्चिम राजस्थान के बाडमेर जिले से लगते बॉर्डर पर हाई अलर्ट है। वही प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन ऐसी स्थिति में कैसे सावधान रहना है। इसको लेकर आम जनता को मॉकड्रिल या बैठक कर जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है । बैठक में पुलिस उपाधीक्षक सुखाराम विश्नोई ने कहा कि आपातकाल में अपनी खुद कि सुरक्षा कैसे की जाए उस पर पुरा ध्यान दें । जात-पात को भूलकर देश के प्रति वफादार रहते हुए सबका सहयोग करे । अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। सोशल मीडिया से थोड़ा दूर रहने कि बात कही । सीआई देवीचंद ढाका ने कहा कि जनता पुलिस का सहयोग की बात कही। ग्रामवासियों को कहा कि वे सचेत रहें।

रेवदर पंचायत भवन में बैठक आयोजित

रेवदर, (निसं)। पंचायत सभागार भवन में उपखण्ड अधिकारी सुबोध सिंह चारण की अध्यक्षता में रक्षा मंत्रालय की गाइडलाईन अनुसार मॉक ड्रिल के लिए प्राप्त निर्देशोंनुसार सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों सहित समस्त पटवारी, भू. निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारियों, व मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में बैठक आहुत की गयी जिसमें उपस्थित उपाधीक्षक पुलिस वृत रेवदर मनोज गुप्ता द्वारा संबोधित करते हुए रक्षा मंत्रालय से प्राप्त निर्देशानुसार अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित एवं मॉक ड्रिल का व्यवस्थित ढंग से पालन को लेकर सभी अधिकारिगणों को दिशा-निर्देश दिए गए। उपखण्ड क्षेत्र में हुटर व सायरन के लिए बैंकों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समय पर नागरिकों की सुरक्षा एवं रक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन अनुसार निर्देशों का पालन किया जा सके एवं उपखण्ड अधिकारी द्वारा उपखण्ड क्षेत्र रेवदर के नागरिकों से भी अपील की है कि वे कानून व शांति व्यवस्था में अपना योगदान दें तथा सोशल मीडिया या किसी भी अफवाहें संबंधित खबरों को फॉरवर्ड ना करे ना ही उन पर ध्यान देवें।

सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 10 को

जालोर, (कासं)। जिला एथलेटिक्स संघ जालोर के तत्वावधान में जिला स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 10 मई को सुबह 6 बजे निकटवर्ती बादनवाडी स्थित बनो चैम्पियन खेल मैदान में आयोजित होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष भरत मेघवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के खिलाडी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों को अपनी एंट्री प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व 9 मई को सुंदेलाव तालाब स्थित आर्य हनुमान व्यायामशाला में शाम 6 से 7.30 बजे के मध्य करवानी होगी। प्रतियोगिता में पुरुष व महिलाओं के लिए सौ मीटर, दो सौ मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर व 10,000 मीटर की दौड़ आयोजित की जाएगी। साथ ही गोला फेंक,भाला फेंक, तश्तरी फेंक,लंबी कूद का भी आयोजन होगा। प्रतियोगिता में एक दिन पूर्व बिना एंट्री करवाए कोई खिलाडी भाग नहीं ले सकेगा। एंट्री के समय खिलाडियों को अपना ओरिजिनल आधार कार्ड व ओरिजनल जन्मप्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रतियोगिता में केवल जालोर जिले के ही मूलनिवासी खिलाडी भाग ले सकेंगे। चयनित खिलाडी राजस्थान एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में अजमेर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

काव्य गोष्ठी 10 मई को

जोधपुर,(का.सं.)। उड़ान कला साहित्य संस्कृति मंच, जोधपुर के बैनर तले 10 मई को सुबह 10:30 बजे तक सावित्री मदन डागा साहित्य भवन में ''नारी अत्याचार है एक वेदना'' सांझा काव्य संकलन का लोकार्पण तथा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उड़ान के अध्यक्ष शायर मनशाह ''नायक'' एवं सांझा संकलन की संपादिका शायरा संजीदा खानम शाहीन ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता शायर एवं उपन्यासकार हबीब कैफ़ी करेंगे जबकि मुख्य अतिथि कथाकार हरिप्रकाश राठी होंगे विशेष अतिथि समाज सेवक एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. क़ासिम रसूल फलाही मंच पर होंगे। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री पूजा अग्रवाल करेंगी। इस अवसर पर कई जनों का सम्मान भी किया जाएगा।

आफरी में मृदा एवं जल संरक्षण में वन की भूमिका पर प्रशिक्षण शुरू

जोधपुर, (का.सं.)। भावाअशिप-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर (आफरी) द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों के वर्ग-'ख' कार्मिकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज आरम्भ हुआ।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित यह प्रशिक्षण मृदा एवं जल संरक्षण में वन की भूमिका विषय पर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. डी. कुमार, सेवानिवृत प्रधान वैज्ञानिक काजरी रहे। डॉ. कुमार ने बताया कि मृदा के गुणों में सतत सुधार एवं जल के विवेकपूर्ण प्रबंधन एवं दक्षतापूर्ण उपयोग के साथ वानिकी एवं कृषि प्रजाति के सही चयन से ही मृदा एवं जल संरक्षण संभव है। आफरी निदेशक डॉ. तरुण कान्त ने अपने उद्बोधन में जल एवं मृदा संरक्षण के लिए वानिकी अनुसन्धान में किये जा रहे कार्यो को बताते हुए विभिन्न विभागों से भाग ले रहे प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया। डॉ संगीता सिंह, समूह समन्वक (शोध) एवं पाठ्यक्रम निदेशक ने संस्थान के कार्यों का परिचय देते हुए कार्यक्रम का परिचय एवं रूपरेखा बताई तथा इस प्रशिक्षण को वानिकी संरक्षण में अन्य कार्मिकों की भूमिका को उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में डॉ संगीता सिंह ने आफरी के अनुसन्धान योगदान का अवलोकन, डॉ. बिलास सिंह ने शुष्क भूमि में संसाधन संरक्षण एवं खाद्य सुरक्षा के लिए कृषि वानिकी तथा श्री हर्षवर्धन राठौड़, प्रकृतिवादी ने राव जोधा डेजर्ट रॉक पार्क का इतिहास और जानकारी विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। अनिल सिंह चौहान, एसीटीओ ने प्रशिक्षणर्थियों को आफरी प्रयोगशालाओं एवं विस्तार निर्वाचन केंद्र का भ्रमण कराया। कार्यक्रम का संचालन मीता सिंह तोमर एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ संगीता सिंह, समूह समन्वक (शोध) ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जलठाहण विकास एवं भू संरक्षण, पशु चिकित्सा विभाग, वन विभाग, बीएसआई, जेडएसआई, शिक्षा विभाग, स्टेट रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, जोधपुर, कृषि विभाग, जोधपुर, आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर, आईसीआईसीआई फाउंडेशन एवं यूनियन बैंक ऑफ़ इण्डिया के कुल 36 कार्मिक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आफरी के अधिकारी, वैज्ञानिक एवं मुख्य तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

ब्रह्मकुमारीज के मानसरोवर केंद्र पर मॉक ड्रिल हुई

रेवदर , (निसं)। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश अनुसार बुधवार को ब्रह्मकुमारीज संस्थान के मानसरोवर केंद्र पर आपात स्थिति से निपटने एवं नागरिक सुरक्षा माकूल रखने के उद्देश्य से एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल की गई।

इस दौरान ऐसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सेवाएं यथा मुख्यालय सेवा,प्रशिक्षण सेवा, वार्डन सेवा, हताहत सेवा, अग्निशमन सेवा,संचार सेवा,बचाव सेवा, निस्तारण सेवा, पूर्ति सेवा, कल्याण सेवा, डिपो एवं परिवहन सेवा सहित अन्य सेवा की तैयारियों को परखा गया तथा घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने व आग पर काबू करने के प्रयासों का अभ्यास किया गया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी व पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल ने मौके पर स्थिति को नियंत्रित करने की दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

कलैक्टर चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक बेनीवाल ने कहा कि ऐसी आपात स्थितियों से निपटने एवं नागरिक सुरक्षा के लिए आगे भी मॉक ड्रिल की जाती रहेगी साथ ही कमियों के सुधार की दिशा में सतत कार्य करते हुए संबंधित को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

मॉक ड्रिल उपरांत जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी व पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की बेहतरी के लिए किए जाने वाले अपेक्षित प्रयासों पर भी चर्चा की। उन्होंने संचार, अग्निशमन, चिकित्सा, शांति व कानून व्यवस्था तथा इसी के साथ किए जाने वाली अन्य कार्रवाई पर चर्चा कर किसी भी घटना के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने, सटीक प्लान बनाने व स्थानीय स्तर पर टीम को सेंसिटाइज करने की बात कही। उन्होंने नोडल अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

इस दौरान एडीएम डॉ दिनेश राय सापेला,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभुदयाल धानिया,मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल एसडीएम शंकर लाल मीणा,आबू पर्वत एसडीएम अंशु प्रिया, सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी, सानिवि एसई रमेश चंद्र बराडा, जिला उद्योग एवं वाणिज्यिक केंद्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई, सीडीईओ मृदुला व्यास, सीओ स्काउट एम आर वर्मा आदि उपस्थित थे।

प्रशिक्षण दिया

बालोतरा, (नि.सं.)। जिले में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मुख्य सचिव के निर्देशों की अनुपालना में 7 मई, दोपहर 12.30 बजे ज्योतिबा फुले स्टेडियम, जसोल फांटा, बालोतरा में होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा सदस्य, शारीरिक शिक्षक एवं अग्निशमन अधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया।

उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में सिविल डिफेंस सहित प्रशासनिक विभागों की प्रतिक्रिया, क्षमता और आपसी समन्वय के आकलन के लिए यह अभ्यास गांव स्तर तक विस्तारित होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व अभ्यास के दौरान हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण, भारतीय वायुसेना के साथ हॉटलाइन/रेडियो लिंक की कार्यशीलता की जाँच, नियंत्रण कक्षों की तत्परता और प्रशासनिक समन्वय क्षमताओं का मूल्यांकन, आम नागरिकों एवं छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में व्यवहार हेतु प्रशिक्षित करना, ब्लैकआउट जैसे रणनीतिक उपायों की तैयारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आपातकालीन हवाई हमले की चेतावनी मिलने पर कंट्रोल रूम के माध्यम से हूटर बजने के बाद आम नागरिकों को स्वतः ही अपने घर की सभी लाइटें, मोबाइल टॉर्च, रोड लाइट, हाईमास्ट लाइट, एनएचएआई और स्टेट हाईवे पर लगी लाइट, टोल पर लगी लाइट, कार की लाइट, सभी इलेक्ट्रिक सोर्स स्वतः बंद करने होंगे। जिससे कि किसी भी प्रकार की जमीन से लाइट दिखाई नहीं दे।

कृषि योजनाओं की समीक्षा की

जालोर, (कासं)। कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा के लिए सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) विभाग जालोर के अधीनस्थ समस्त कार्मिकों की मासिक बैठक बुधवार को आत्मा सभागार में आयोजित की गई।

बैठक के सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) जालोर सुभाष चन्द्र ने कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान में मृदा नमूना संग्रहण के लिये उचित समय है, इसलिए योजनावार आवंटित लक्ष्यानुसार सॉयल हैल्थ कार्ड एप से ऑनलाईन मृदा नमूना संग्रहण कर प्रयोगशाला में जमा करवायें ताकि मृदा नमूनों की जांच कर समय पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड कृषकों को उपलब्ध करवायें जा सके।

उन्होंने राजस्व एवं विभागीय फसल कटाई प्रयोग उच्च गुणवत्ता मानकों के अनूरूप समय पर निर्धारित प्रक्रियानुसार सम्पादित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय डीबीटी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कृषि अधिकारी डॉ. अमित आहुजा ने फार्म पौण्ड, पाईपलाईन एवं तारबंदी के लम्बित प्रीवेरिफिकेशन की कृषि पर्यवेक्षकवार जानकारी दी।

मंगल प्रवेश आज

पाली, (नि.सं.)। श्री संघ सभा, बागर मोहल्ला के तत्वावधान में आयोजित जाजम मुहुर्त में गच्छाधिपति श्रुतभास्कर आ.भ. श्रीमद्विजय धर्मधुरंधर सूरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा का पाली नगर में गाजे-बाजे एवं चतुर्विध संघ के साथ मंगल प्रवेश होगा।

संघ सचिव उत्तमचंद मुथा ने बताया कि आचार्य भगवंत का सामैया प्रातः 8 बजे समुद्र विहार से प्रस्थान कर श्री संघ सभा बागर मोहल्ला आयेगा। आचार्य भगवंत की निश्रा में प्रातः 9.15 बजे जाजम बिछाने का मुहुर्त किया जायेगा। इसके पश्चात् निर्माणाधीन श्री संघ सभा भवन के उद्घाटन, स्वागत कक्ष एवं अन्य बोलियां बोली जायेगी। कार्यक्रम का संचालन संगीतकार नरेन्द्र वाणीगोता द्वारा किया जायेगा। तैयारियो में श्री संघ सभा ट्रस्ट मण्डल के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

ब्लैक आउट व राहत बचाव कार्यों की जानकारी दी

पाली,(नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिला शांति समिति व जिले के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक ली और उन्हे विभिन्न प्रकार की जानकारी दी व चर्चा कर सुझाव के बारे में जाना।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में जिला कलैक्टर मंत्री ने आज भारत पाक के मध्य सीमाओं पर चल रही गतिविधियों के संबंधी यदि कोई विपरीत व आपात स्थिति से बचाव के लिये किये जाने वाली मॉक ड्रिल व ब्लैकआउट के दौरान आम नागरिकों के बचाव के तरीके व उन्हें किस प्रकार तैयार रहना है व उसके बारे लघु फिल्म आदि की जानकारी दी। कलैक्टर मंत्री ने कहा कि देश की एकता व अखंडता के लिये सभी को इस समय एकजुट रहना होगा व देश की सुरक्षा व खुद की सुरक्षा करनी है उन्होंने कहा कि हम सभी अभी सिविल सोलजर है हमे उस तरीके से जागरूक रहना होगा।

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने कहा कि देश की एकता अखंडता व सुरक्षा के लिये हम सभी को सजग व सतर्क रहना है और सरकार के निर्देशों की पालना करनी है। इस समय हम सभी को एकजुट रहना है और सोशल मीडीया पर अफवाहों या गलत बातों पर ध्यान ना देंवे। पुलिस प्रशासन, नागरिक सुरक्षा विभाग सभी का सहयोग करे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस उषा यादव, एएसपी विपिन चन्द्र, सीईओ जिला परिषद मुकेश चौधरी, उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज व अन्य सभी संबंधी विभाग के अधिकारी, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, सदस्य बाबूसिंह राजपुरोहित, कन्हैयालाल, हकीम भाई, हरीश शर्मा, त्रिभुवन सिंह, एडवोकेट शाबिर खान, रफीक गौरी, राजू सिंह, मांगीलाल पटैल, कृष्ण कुमार, मेहबूब टी आदि मौजूद रहे।

पाली में ट्रीटमेंट प्लांट पर मॉक ड्रिल संपन्न

पाली, (नि.सं.)। पाली के पूनायता औद्योगिक एरिया स्थित ट्रीटमेंट प्लांट संख्या-6 पर हवाई हमला होने के बाद घायलों का रेस्क्यू करने व उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाने की मॉक ड्रिल बुधवार शाम की गई। जिसमें पुलिस प्रशासन से लेकर हर महकमा अलर्ट नजर आया। हादसे की जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर दमकल, बचाव दल, पुलिस प्रशासन की टीम पहुंची। घायलों को रेस्क्यू करने, आग बुझाने से लेकर उन्हें एम्बुलेंस में तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाने की मॉक ड्रिल की गई।

शाम करीब चार बजे सूचना मिली की पाली के पूनायता औद्योगिक क्षेत्र के ट्रीटमेंट प्लांट संख्या 6 पर हवाई हमला हुआ है। इस पर तुरंत मौके पर एम्बुलेंस, दमकल, पुलिस-प्रशासन, बचाव दल, स्काउट-गाइड को भेजा गया। मौके पर एसीबी सिलेंडर से दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का अभ्यास किया। वही चिकित्साकर्मियों की टीम घायलों को स्ट्रक्चर पर लेकर तुरंत एम्बुलेंस तक पहुंची और एम्बुलेंस घायलों को बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंची। जहां पहले से बांगड़ हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ एचएम चौधरी के नेतृत्व में चिकित्साकर्मियों की टीम अलर्ट नजर आई। तुरंत घायलों को भर्ती कर उनका उपचार करने का अभ्यास किया गया। कूल 9 घायलों को हॉस्पिटल लाया गया। जिसमें से दो गंभीर घायलों को आईसीयू में शिफ्ट कर करने का डेमो किया गया। वहीं एक घायल की मौत होने का डेमो किया। पुलिस और प्रशासनिक टीम भी मुस्तैद नजर आई। बाद में जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, एसपी चुनाराम जाट बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे और आईसीयू में भर्ती गंभीर घायलों की स्थिति देखने का डेमो किया गया।

एसडीएम विमलेंद्र राणावत, एएसपी विपिन शर्मा, सीओ सिटी ऊषा यादव, सीओ ग्रामीण रतनाराम देवासी, कोतवाल अनिल विश्नोई, बांगड़ हॉस्पिटल अधीक्षक एचएम चौधरी सहित पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी, दमकल कर्मी, एंबुलेंसकर्मी बचाव दल के सदस्य, स्काउट-गाइड भी मौजूद रहे।

जालोर नागरिक बैंक की शाखा बड़गांव में ग्राहक गोष्ठी आयोजित

जालोर, (कासं)। जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि., शाखा बड़गाँव के परिसर में बुधवार को ग्राहक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में बैंक के ग्राहक, सदस्य व व्यापारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि इक्ष्वाकु देव देवड़ा उप सरपंच ग्राम पंचायत बड़गांव द्वारा उपस्थित ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अधिक से अधिक बैंक से जुडकर सदस्यता ग्रहण करें तथा बैंक में बचत खातें/आर.डी. खातें/एफ.डी. के खातें खुलावें व अधिक ब्याज का लाभ लेवें। बैंक प्रबन्धन से विकलांग, बुर्जुगों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध करानें का सुझाव दिया। बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर द्वारा बैंक के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि., की स्थापना वर्ष 1990 में छोटी पूंजी के साथ हुई। बैंक द्वारा बैंक के सदस्यों को लगातार लाभांश दिया जा रहा है। रू. 1000 हिस्सा पूंजी वाले सदस्यों को करीब रू. 2500 से भी अधिक लाभांश वितरित किया जा चुका है। बैंक द्वारा कोई सरकारी सहायता प्राप्त नहीं की हैं, न ही ऋण माफ किया हैं। बैंक पर सहकारिता विभाग का दोहरा नियंत्रण है। बैंक संचालकों को कोई वेतन नहीं मिलता है इसके बावजूद भी सहकारिता की भावना से बैंक व्यवसाय वृद्धि के लिए निरन्तर प्रयास किया जाता है। अतः आपकी अमानतें पूर्ण रूप से सुरक्षित है। वर्तमान में बैंक का कार्य क्षेत्र पांच जिलो जालोर, सिरोही, बाडमेर, बालोतरा व पाली में विस्तारित है एवं 18 शाखाएं संचालित है। शीघ्र ही 2 शाखाएं बालोतरा एवं सुमेरपुर में खुलने वाली है। बैंक का कार्य क्षैत्र सम्पूर्ण राजस्थान में (गंगानगर एवं हनुमानगढ़ को छोडकर) विस्तारित की औपचारिकताएँ प्रक्रियाधीन हैं। सहकारिता विभाग से अनुमति प्राप्त होते ही जोधपुर, जयपुर व उदयपुर में श